दिन—सोमवार दिनांक— 11 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

केंद्र सरकार ने विकसित भारत—रोज़गार और आजीविका मिशन ग्रामीण— वीबी जी राम जी अधिनियम, दो हजार पच्चीस को देशभर में लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार यह कानून 1 जुलाई 2026 से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रभावी होगा। मनरेगा की जगह लाए गए इस अधिनियम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना, आजीविका के साधनों को सशक्त करना तथा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देना है। इसके लागू होने से ग्रामीण विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी और गांवों में स्थायी रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम से सहयोग पोर्टल की शुरूआत की। आम लोगों की शिकायतों के तत्काल निष्पादन के लिए इसकी शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पंचायत स्तर पर महीने में दो दिन शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा, इसकी मॉनिटरिंग जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक करेंगे। सहयोग पोर्टल आम लोगों की शिकायतों को पारदर्शी तरीके से निपटाने के लिए तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर एकीकृत ऑनलाईन प्रणाली के माध्यम से शिकायतें दर्ज करने, स्थिति की जानकारी लेने और रिमाईंडर भेजने तथा प्रतिक्रिया देने में आसानी होगी। इस पोर्टल पर परिवाद दर्ज करने की तिथि से तीस दिन के अन्दर उनका निष्पादन कर आवेदक को लिखित सूचना दी जायेगी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में मंदीरी नाला— नवीन किशोर सिन्हा पथ का लोकार्पण किया। पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत निर्मित इस

पथ से स्थानीय लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथ राज्यसभा सांसद नितिन नवीन भी मौजूद रहे।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर स्थित खटौरी गांव में पूर्वोत्तर भारत के पहले हाईटेक हैचरी प्लांट का शुभारंभ हुआ। केन्द्रीय खनन और कोयला राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने इस प्लांट  का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्लांट की स्थापना से कृषि उद्यमिता के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी और युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ अमृत पर्व के अवसर पर पहले ज्योर्तिलिंग–सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष महापूजा की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के शिखर पर कुंभाभिषेक भी किया। मंदिर के इतिहास में पहली बार मंदिर के शिखर पर ग्यारह तीर्थ स्थलों से लाए गए पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। इस बीच, वायुसेना ने एयर शो किया जिसमें सूर्यकिरण एयरोबैटिक्स टीम ने सोमनाथ के ऊपर मनमोहक करतब दिखाए और हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा की गई। सोमनाथ अमृत पर्व, सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में अगले एक सप्ताह तक आंधी–बारिश की स्थिति बने रहने के आसार है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन का पूर्वानुमान जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया के जलालगढ़ में सबसे अधिक पैंतीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, लखीसराय के चानन में बत्तीस दमशलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————————

भागलपुर जिले के अजगैबीनाथ धाम के नमामी गंगे घाट पर नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने शवों को बरामद कर लिया है।

———————————————————————————————

गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक स्कूली छात्रा की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————————

सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

———————————————————————————————

समाप्त